अमर उजाला 24/1/2020

सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी की जीत

कानपुर। रामनाथ महेंद्र स्मारक टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत बृहस्पतिवार को खेले गए मैच में सर पदमपत सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने जेडी क्लब को छह विकेट से हरा दिया। पालिका मैदान में जेडी क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 108 रन बनाए। सर पदमपत सिंहानिया स्पोर्ट्स एकेडमी की टीम ने 19 ओवर में ही मैच जीत लिया। दूसरा मैच कानपुर जिमखाना व वाईएमसीसी के बीच हुआ। वाईएमसीसी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 139 रन बनाए। कानपुर जिमखाना की टीम 18 ओवर में 126 रन पर ही ऑलआउट हो गई।

हिन्दुस्तान 24/1/2020

एजुकेशन अलर्ट

सीबीएसई : अपने स्कूलों से लें प्रवेशपत्र

सीबीएसई क्वार्डिनेटर सरदार बलविंदर सिंह ने बताया कि सभी विद्यालय अपने छात्रों के प्रवेश पत्र डाउनलोड कर लें और अपने हस्ताक्षर कर इनका वितरण करें। यदि किसी छात्र को प्रवेश पत्र मिल गया है लेकिन खो गया है तो ऐसी स्थिति में उसे अपने विद्यालय से ही डुप्लीकेट प्रवेश पत्र मिलेगा।

अमर उजाला 24/1/2020

शतरंज में लगाया दिमाग, जीते मैच

नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर में अंतर विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता में 224 खिलाड़ी शामिल हुए

संवाद न्यूज एजेंसी

नर्चर इंटरनेशनल स्कूल में शतरंज प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने की दिमागी कसरत। संवाद न्यूज एजेंसी

कानपुर। नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर में गुरुवार को तीन दिवसीय अंतर विद्यालयीय शतरंज प्रतियोगिता में 21 विद्यालयों के 224 खिलाड़ी शामिल हुए। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिमाग लगाकर अपने स्कूल को विजय दिलाई। प्रतियोगिता तीन वर्गों कक्षा एक से पांच, कक्षा छह से आठ व कक्षा नौ से 12 वर्ग में हुई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक सुरेंद्र मैथानी ने दीप जलाकर किया। पहले दिन कक्षा नौ से 12 बालक वर्ग में नर्चर इंटरनेशनल स्कूल कल्याणपुर, द चिंटल्स रतनलाल नगर, हर मिलाप मिशन स्कूल, सिंहानियां एजुकेशन सेंटर और डीपीएस कल्याणपुर ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में डीपीएस कल्याणपुर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप किदवई नगर, फातिमा कान्वेंट स्कूल ने जीत दर्ज की।

कक्षा छह से आठ बालक वर्ग में हर मिलाप, डीपीएस आजाद नगर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप किदवई नगर, प्रभात सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सिंहानियां एजुकेशन सेंटर, द चिंटल्स रतनलाल नगर ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में नर्चर इंटरनेशनल कल्याणपुर, डीपीएस कल्याणपुर, डॉ. वीरेंद्र स्वरूप किदवई नगर, फातिमा कान्वेंट, हर मिलाप मिशन स्कूल ने जीत दर्ज की।

कक्षा एक से पांच बालक वर्ग में नर्चर इंटरनेशनल बर्रा, नर्चर इंटरनेशनल कल्याणपुर, डीपीएस कल्याणपुर, बिलाबांग स्कूल, श्रीराम एजुकेशन सेंटर पनकी, एसएम आर्या स्कूल ने जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में हर मिलाप स्कूल, एसएम आर्या स्कूल, प्रभात सीनियर सेकेंडरी, डीपीएस कल्याणपुर की टीम ने पहले चार राउंड में जीत दर्ज की।

इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक आरसी सक्सेना, शैलेंद्र त्रिपाठी, सचिन चित्रांशी, रितु चित्रांशी, दिलीप श्रीवास्तव, हरीश, आरके यादव, जितेंद्र शर्मा आदि मौजूद रहे।

PIC: DAINIK JAGRAN INEXT

कॉम्पटीशन के बारे में जानकारी देते टीचर्स.

चेस कॉम्प्टीशन से मेंटल डेवलपमेंट

KANPUR (21 Jan): नर्चर इंटरनेशनल स्कूल की ओर से 23 से 25 जनवरी के बीच चेस कॉम्प्टीशन होगा. जिसमें सीबीएसई और आईसीएसई बोर्ड के 20 स्कूलों के 200 स्टूडेंट्स पार्टिपिसेट करेंगे. स्कूल के फाउंडर प्रो. आरसी सक्सेना स्टूडेंट्स के मेंटल डेवपलमेंट को लेकर यह काम्प्टीशन ऑर्गनाइज करा रहे हैं. जिसमें क्लास एक से पांच, छह से आठ और नौ से इंटरमीडियट तक के स्टूडेंट्स पार्टिसिपेट करेंगे.

9-NEXT 22/1/2020